कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

:: आदेश ::

राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा के अधिकारियों/कार्मिकों (संस्थापन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, निजी सहायक ग्रेड–II) के इस कार्यालय के समसंख्यक आदेश दिनांक : 10.07.2026, 13.08.2026, 17.08.2026 एवं 19.08.2026 द्वारा स्थानान्तरण/परिवेदना निस्तारण उपरांत पदस्थापन के आदेश प्रसारित किये गये थे। उक्त आदेशों की पालना में कतिपय अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा नवीन पदस्थापन स्थान पर निर्धारित दिनांक तक कार्यग्रहण नहीं किया गया है, जो कि राज्यादेशों के आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

उक्त क्रम में नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यमुक्त/कार्यग्रहण की कार्यवाही नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक : 30.09.2026 तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यमुक्त/कार्यग्रहण संबंधी कार्यवाही की सुनिश्चितता करावें, अन्यथा नियंत्रण अधिकारी/संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।

(अशोक कुमार पारीक)
उप निदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/माध्य/सामान्य प्रशासन/ए–2/3/बी–1/स्थानान्तरण–परिवेदना/2026/59318 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, कार्यालय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, निजी अनुभाग, निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
5. संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
6. संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी/जि.शि.अ. (मु.), मा./प्रा. शिक्षा।
7. संबंधित संस्थाप्रधान/कार्मिक।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा।
9. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (प्रशासन)

RajKaj Ref No.
24748061

Digitally signed by ASHOK KUMAR PAREEK
Designation: Deputy Director
Date: 2026-09-29 11:56:42 IST